तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 1 जून 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



12 माइंड गेम में बच्चों ने दिखाया दम, ब्रिलिएंट्स चेस ...





12 विधायक ने किया वार्डों का निरीक्षण, सीएमओ ...




## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट



**महासमुंद।** भोरिंग की एक महिला के साथ मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तुमगांव थाने में चार महिलाओं के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। भोरिंग की पूर्णिमा ने तुमगांव पुलिस को बताया कि 29 मई की रात करीबन 07.30 बजे वह अपने घर पर खाना बना रही थी, तभी पड़ोस की धरमशीला, इंदल, बबली, कविता उसके घर के गेट के सामने आकर उसे और उसकी बेटियों को गालियां देने लगी। जब वह घर से बाहर आई तब चारों ने मिलकर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नवोदय विद्यालय प्रभारी प्राचार्य के क्वार्टर में चोरी

**महासमुंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली कैंपस में प्रभारी प्राचार्य के क्वाटर से नगदी व सोने-चांदी का सामान चोरी होने के मामले में सरायपाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली के प्रभारी प्राचार्य लोकनाथ कैवर्त ने बताया कि वे विद्यालय के स्टाफ क्वाटर में रहते हैं। 18 मई की दोपहर 03 बजे शासकीय कार्य से अपने परिवार के साथ रायपुर गए थे और 29 मई की सुबह जब वापस लौटे तो देखा कि घर के सामने लगा ताला गायब था। घर के अंदर का सामान अस्त व्यस्त था और आलमारी खुला हुआ था। आलमारी के अंदर 40,000 रुपए और सोने चांदी के सामान लगभग 10,000 रुपए नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# बागबाहरा के हवलदार को तेज रफ्तार वाहन ने ठोका, मौके पर हुई मौत

## जिले के सांकरा (जोंक नदी) के पास हुई दर्दनाक घटना, पुलिस विभाग में शोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के सांकरा (जोंक नदी) के पास रविवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बागबाहरा थाना में पदस्थ हवलदार दयासागर भोई की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही जान चली गई। घटना के बाद पुलिस विभाग में शोक की लहर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जोंक नदी पुल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दयासागर भोई गंभीर रूप से घायल होकर ट्रक के नीचे आ गए। अत्यधिक चोट और रक्तस्राव के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बसना थाना प्रभारी (टीआई) ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक दयासागर भोई वर्तमान में बागबाहरा थाना में हवलदार पद पर पदस्थ थे।



### हेलमेट ही नहीं इन मामलों में भी कार्रवाई आवश्यक

यातायात नियमों के भय ने लोगों को हेलमेट पहनना तो सिखा दिया। लेकिन, तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम कौन लगाए? तीन सवारी, तेज कानफोड़ू हॉर्न, मालवाहकों में यात्री ढोना, मोबाईल पर बातचीत करते हुए वाहन चालन, रात में मुख्य मार्ग में वाहनों की रेस यहां तक जिले के सरकारी वाहनों के चालक और साथ बैठे अफसर तक लापरवाहीपूर्ण तरीके से बिना सीट बेल्ट पहने सफर करते देखे जा सकते हैं। हेलमेट पहना हुआ पुलिस कर्मी तेज रफ्तार का शिकार हो गया। इस घटना के बाद लोग अब उन यातायात नियमों पर भी सख्त कार्रवाई चाहते हैं जो हेलमेट के अलावा भी सड़क हादसों और लोगों की मौत का कारण बन सकते हैं।

वे मूल रूप से बसना क्षेत्र के निवासी थे। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों और पुलिस विभाग के अधिकारियों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एनएचएआई की एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दयासागर भोई की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। दयासागर भोई के असामयिक निधन से पुलिस विभाग ने एक कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ जवान खो दिया है। उनके निधन की खबर से बसना और बागबाहरा क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## क्राइम: नागपुर से हो रहा था संचालन, सांकरा पुलिस ने की कार्रवाई

# ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- भगतदेवरी के एक दुकान में चल रहा आनलाइन सट्टा का कारोबार

जिले की पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सट्टा का संचालन नागपुर से किए जाने की जानकारी मिली है। पुलिस ने बताया कि थाना सांकरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि भगतदेवरी में नरेश निषाद की दुकान में नरेश निषाद एवं मनोहर मांझी आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा खेला जा रहा है। इसके बाद छापा मारकर आरोपी नरेश निषाद, मनोहर मांझी के मोबाइल फोन की जांच की गई। आरोपियों ने बताया कि नागपुर के मधुसूदन से बात कर आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा लगाते थे एवं हार जीत का पेमेंट लोकल व्यक्ति के माध्यम से प्राप्त किया जाता था। फोन-पे के माध्यम से भी ग्राहकों से पैसे लिए जाते है। इसके बाद इस मामले में नरेश निषाद पिता जुनू निषाद (40 साल) भगत देवरी, मनोहर मांझी पिता उत्तम मांझी (38 साल) निवासी नवागांव टुकड़ा सांकरा, सट्टा संचालक मधुसूदन ठाकरे पिता राजेंद्र ठाकरे (40 साल) निवास जैताला नागपुर महाराष्ट्र (संचालक) को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7(1)के तहत कार्रवाई की गई।



पुलिस ने बताया कि थाना सांकरा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई के बाद अब कई अन्य बड़े सटोरिए और खाईवाल भी जांच के दायरे में हैं। पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल फोन के कॉल रिकॉर्ड्स, व्हाट्सएप चैट और फोन-पे के ट्रांजैक्शन डेटा को खंगालने पर कई संदिग्ध नंबर और लोकल एजेंटों के सुराग मिले हैं। नागपुर के मुख्य सट्टा संचालक मधुसूदन से जुड़े इस नेटवर्क के तार स्थानीय स्तर पर कई और खाईवालों से जुड़े होने की प्रबल आशंका है। पुलिस टीम अब इन संदिग्धों की धरपकड़ के लिए मोबाइल लोकेशन और वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड के आधार पर कड़ियां जोड़ रही है, जिससे जल्द ही इस ऑनलाइन सट्टा रैकेट से जुड़े कुछ और बड़े चेहरों की गिरफ्तारी होने की पूरी संभावना है।

# गैस सिलेंडर चोरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

लहरौद के कर्मचारी कॉलोनी में गैस सिलेंडर चोरी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक गैस सिलेडर बरामद किया गया। पुलिस ने बताया प्रार्थी सियाराम साहू पिता पतिराम साहू (54 वर्ष) वार्ड नंबर 08 कर्मचारी कालोनी लहरौद थाना पिथौरा के घर से 28 मई की रात मकान के पोर्च के अंदर रखे 03 गैस सिलेंडर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी के मामले में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान पिथौरा पुलिस की टीम द्वारा घटना में जांच करते सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी उदयराम दीवान पिता स्व.आगेश्वर दीवान (45 साल) निवासी लहरौद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि विवेचना के दौरान पहले आरोपी बिसरू निषाद को तलब किया गया, जिसने पूछताछ में बताया कि मुख्य आरोपी उदयराम दीवान के द्वारा एक घरेलू गैस सिलेंडर को अपना बताकर कुल 1400 रुपये में वरुण दीवान को बेचा था। बिसरू को 300 कमीशन के तौर पर दिया था। आरोपी वरुण दीवान ने सिलेंडर को चोरी का होना जानने पर आरोपी उदयराम दीवान को वापस कर दिया था। चोरी का सामान खरीदने पर आरोपी बिसरू निषाद पिता स्व.कुंजराम निषाद (60 साल) व वरूण दीवान पिता अशोक दीवान (37 साल) लहरौद थाना पिथौरा के विरुद्ध प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस जोड़ी गई। प्रकरण के मुख्य आरोपी उदयराम दीवान को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# जिले में खाद भंडारण और वितरण से किसानी कार्यों में आने लगी गति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में खाद भंडारण और वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। अब किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट चुके है। सहकारी समिति से किसान खाद का उठाव कर रहें हैं।

उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी अनुसार सहकारी समिति में यूरिया 9589 टन, डीएपी 4128 टन, एमओपी 1887 टन, एसएसपी 5616 टन, एनपीके 3005 टन कुल 24225 टन उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जिला विपणन अधिकारी महासमुंद के भंडारण गृह में यूरिया 5931 टन, डीएपी 572 टन, एमओपी 795 टन, एसएसपी 1328 टन, एनपीके 90 टन कुल 8716 टन उर्वरकों का भंडारण किया गया है। पूरे प्रदेश में कृषकों को खरीफ सीजनभर खाद की आपूर्ति की जा सकें, इसके लिए कृषि भूमि के रकबेवार अलग से व्यवस्था की गई है। जिसमें कृषक (2.5 एकड़ से कम) को एकमुश्त खाद वितरण, सीमांत कृषकों (2.5 एकड़ से 5 एकड़ तक) को दो किस्तों में (20 दिवस के अंतराल पर) खाद वितरण एवं दीर्घ कृषक (2.5 एकड़ से अधिक) को तीन किस्तो में (20 दिवस के अंतराल पर) उर्वरकों का वितरण निजी एवं सहकारी दोनों क्षेत्रों में किया जाएगा। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी व अधिक मूल्य पर उर्वरकों के विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए जिलेभर में कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा सतत निगरानी का कार्य किया जा रहा है। जिले में अनियमित रूप से यूरिया वितरण करने पर 26 निजी उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक प्राधिकार पत्र 15 दिवस के लिए निलंबित किया जा चुका है।



**पराली में आग**

**महासमुंद।** पराली जलाने वालों पर कार्रवाई करने के कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद भी इस पर रोक नहीं है। यह दृश्य नदी मोड़ घोड़ारी क्षेत्र के खेतों का है, जहां पराली में आग लगा दी गई है।

# स्कूलों में अब सीधे पहुंचेंगी पुस्तकें, यू-डाइस का डेटा बनेगा वितरण का आधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के सरकारी स्कूलों में इस आगामी शिक्षण सत्र के लिए पाठ्यपुस्तकों के वितरण की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। अब किताबों की मांग के लिए कोई लिखित आवेदन या कागजी प्रक्रिया नहीं अपनाई जाएगी, बल्कि यू-डाइस पोर्टल पर दर्ज छात्रों की ऑनलाइन संख्या को ही अंतिम आधार माना जाएगा। शासन के इस निर्णय से किताबों की बर्बादी रुकेगी और वितरण में पारदर्शिता आएगी।

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि यू-डाइस में रजिस्टर्ड बच्चों के आंकड़ों के अनुसार ही डिपो से किताबें आवंटित की जाएंगी। विभाग द्वारा इन आंकड़ों का ऑनलाइन सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। इस नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य बीते वर्षों में हुई किताबों की कमी या देरी जैसी समस्याओं को जड़ से खत्म करना है। पिछले सत्र में कई स्कूलों में किताबें देरी से पहुंची थीं, जिससे छात्र-छात्राओं को पुरानी या उधारी की किताबों से पढ़ाई करनी पड़ी थी।

### वितरण व्यवस्था में हुआ बदलाव

इस बार पुस्तकों को स्कूलों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी को और अधिक सख्त बनाया गया है। वितरण की नई कार्ययोजना इस प्रकार है कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की किताबें अब सीधे स्कूल परिसर तक पहुंचाई जाएंगी। इसके लिए विभाग ने प्रत्येक स्कूल के तीन जिम्मेदार व्यक्तियों के मोबाइल नंबर अपडेट किए हैं। किताब लेकर पहुंचने वाला वाहन चालक इन नंबरों पर संपर्क करेगा। यदि संपर्क नहीं हो पाता है, तो संबंधित स्कूल प्रबंधन को विभाग को जवाब देना होगा।

**प्राइमरी और मिडिल स्कूल:** कक्षा पहली से आठवीं तक की किताबें संकुल स्तर तक भेजी जाएंगी। यहां से संबंधित स्कूलों के प्रधान पाठक पुस्तकें प्राप्त कर अपने स्कूल ले जाएंगे।

**आत्मानंद और पीएमश्री स्कूल:** इन विशेष स्कूलों में भी दर्ज छात्र संख्या के आधार पर सीधे पुस्तकें भेजने की तैयारी है।

**निजी स्कूल:** प्राइवेट स्कूलों के लिए नियम पहले की तरह ही रहेंगे। निजी स्कूल संचालकों को अपनी जरूरत के अनुसार सीधे डिपो से जाकर पुस्तकें उठानी होंगी।

### देरी रोकने के लिए कड़ी निगरानी

बीते साल की अव्यवस्थाओं को देखते हुए इस बार जिला शिक्षा विभाग काफी सतर्क है। पिछले वर्ष किताबें किस्तों में पहुंची थीं, जिससे पूरा सेट तैयार होने में काफी समय लग गया था। इस साल विभाग का लक्ष्य है कि सत्र शुरू होने से पहले ही हर बच्चे के हाथ में सभी विषयों की किताबें हों। प्रशासन का मानना है कि सीधे स्कूल तक डिलीवरी और ऑनलाइन डेटा के उपयोग से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि परिवहन के दौरान होने वाली गड़बड़ियों पर भी लगाम लगेगी। फिलहाल, महासमुंद जिले में संकुल और स्कूल स्तर पर प्राप्त होने वाली किताबों के भंडारण और वितरण की तैयारियां तेज कर दी गई।

## भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को मिली थोड़ी राहत, उमस ने किया बेहाल

# मौसम में बदलाव, तेज अंधड के साथ हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार की शाम मौसम में अचानक बदलाव आया और तेज अंधड के साथ झमाझम बारिश हुई। जिससे पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को शनिवार रात को राहत मिली। लेकिन, रविवार को दिनभर उमस से लोग परेशान रहे।

मौसम विभाग के अनुसार जिले में आगामी कुछ दिनों तक प्री-मानसून गतिविधियां जारी रहने के आसार हैं। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

बता दें कि शहर सहित जिले के कई ग्रामीण इलाकों में शनिवार की देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली और धूलभरी आंधी के बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब 20 मिनट तक हुई बारिश ने तपते मौसम को ठंडक में बदल दिया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। शनिवार को दिनभर तेज धूप और उमस के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी और लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में ही दुबके रहे। शाम होते-होते आसमान में काले बादलों ने डेरा जमा लिया। तेज हवाओं के साथ मौसम का मिजाज बदला और देखते ही देखते धूलभरी आंधी के बाद जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश की फुहारों ने जहां वातावरण को पूरी तरह सुहावना बना दिया, वहीं लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान लोगों के चेहरे खिल उठे। अचानक हुई तेज बारिश के कारण शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में क ई जगहों पर पानी भर गया। वहीं तेज हवा के चलते कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। शहर के अनेक मोहल्लों में अंधेरा छा गया और लोगों को बिजली बहाल होने का इंतजार करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बिजली तारों के क्षतिग्रस्त होने और पेड़ों की डालियां टूटी। हालांकि राहत कहीं से किसी बड़ी जनहानि या गंभीर नुकसान की सूचना नहीं मिली है।



### मौसम विभाग का पूर्वानुमान साबित हुआ सही

उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने दो दिन पहले ही महासमुंद सहित प्रदेश के कई हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने की संभावना जताई थी। विभाग ने गरज-चमक, तेज हवाओं और बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया था। शनिवार की बारिश ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान को सही साबित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### युवा कांग्रेस चुनाव, जिला-ब्लॉक कमेटियों के लिए नामांकन शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के लिए 29 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 13 जून तक चलेगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक पदों के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक, जिला कमेटियों और विधानसभा अध्यक्ष के लिए नामांकन 13 जून तक भरे जाएंगे, जबकि प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी के पदों के लिए नामांकन 11 से 13 जून के बीच दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 15 से 18 जून तक होगी।बताया गया है कि प्रदेश महासचिव के लिए चुनाव लड़ने वाले दावेदारों का साक्षात्कार 4 जून को राजीव भवन में होगा।

### हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे, बैज ने दी बधाई

**रायपुर।** कांग्रेस ने हिन्दी पत्रकारिता के शानदार 200 वर्ष पूरे होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 30 मई 1826 को पं. जुगल किशोर शुक्ल ने देश के पहले हिन्दी समाचार पत्र ''उदन्त मार्तन्ड'' का प्रकाशन किया था। यह भारत की पत्रकारिता के लिए स्तंभ साबित हुआ। हिन्दी पत्रकारिता अपनी निष्पक्षता के लिए जानी जाती है। पक्ष एवं विपक्ष का बराबर संतुलन एवं खबरों की निष्पक्षता ही पत्रकारिता की विश्वसनीयता को बढ़ाता है।

### जनगणना का पहला चरण पूरा, अंतिम दिन प्रगणकों ने बंद मकानों का लिया अपडेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चल रही जनगणना के पहले चरण में पहली बार घर-घर की सुविधाओं और संसाधनों का विस्तृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया है। 1 मई से शुरू हुई जनगणना के पहले चरण का 95 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो गया है और 30 मई को यह चरण समाप्त हो जाएगा। प्रदेश में जनगणना के लिए 48,742 ब्लॉक बनाए गए थे। इसी आधार पर प्रदेश में 85 लाख से अधिक मकानों का आंकड़ा सामने आया है। जनगणना का दूसरा चरण अगले साल 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। पहले चरण में कई मकानों में ताला बंद होने के कारण उनकी गणना नहीं हो पाई। उन मकानों को बंद दर्शाया गया है। अंतिम दिन प्रगणक ने दौरा कर उन मकानों की स्थिति अपडेट की। उल्लेखनीय है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया पहली बार डिजिटल माध्यम से की जा रही है।

### पुलिस की बर्बरता से सरकार का अमानवीय चेहरा उजागर : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, राजनांदगांव में एक नाबालिक बच्ची के साथ पुलिस की बर्बरता एवं छत्तीसगढ़ सरकार की भ्रष्ट स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते जो अमानवीय कृत्य हुआ है वह शर्मनाक है। बच्ची ने पेट दर्द की शिकायत की, लेकिन अमानक



टेस्ट किट के मेडिकल टेस्ट में उसे गर्भवती बताया गया। उनका पूरा परिवार इससे मानसिक रूप से प्रताड़ित तो था ही, वही सोमनी पुलिस ने पीड़ित बालिका को रात भर थाने में बिठाकर उससे अमानवीय प्रश्न पूछ कर मानसिक शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। बताया जाता है क्योंकि सोमनी स्वास्थ्य केंद्र द्वारा जिस किट से बच्ची के टेस्ट किए उसमें बच्ची को गर्भवती बताया गया। उसके पश्चात अन्य मेडिकल टेस्ट पर उसे गर्भवती नहीं बताया गया। उन्होंने कहा, सोमनी स्वास्थ्य केंद्र के टेस्ट किट जो स्थानीय स्तर पर क्रय की गई थी, वह अमानक और नकली भी उसमें रिपोर्ट गलत आई थी। उन्होंने कहा, मामले में सोमनी थानेदार ने अबोध बालिका के साथ बर्बरता पूर्ण कृत किया। उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जाना चाहिए। भाजपा सरकार आने के बाद पुलिस रक्षक से भक्षक बन गई है, यह इस घटना से प्रमाणित होता है।

# 50 हजार से अधिक आदिवासी परिवारों को कानूनी हक से किया जा रहा वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी परिवारों के अधिकारों के हनन पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को एक अर्धशासकीय पत्र भेजकर छत्तीसगढ़ में वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों को सख्ती से लागू कराने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। राष्ट्रपति को सौंपे गए पत्र में डॉ. महंत ने उल्लेख किया है कि अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी, वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2006 पूरे भारत में दिसंबर 2007 से प्रभावी है। इस कानून की धारा 3(1)(घ) के स्पष्ट प्रावधानों के अनुसार, वन भूमि पर स्थित जलक्षेत्रों में मछली पालन और जलाशयों के अन्य उत्पादों के उपयोग का हकदारी या सामुदायिक अधिकार पत्र स्थानीय पात्र व्यक्तियों को दिया जाना चाहिए। अत्यंत खेद का विषय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में बीते 18 वर्षों में भी इस महत्वपूर्ण प्रावधान का क्रियान्वयन नहीं किया जा सका है।

## राष्ट्रपति को नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने लिखा पत्र



### ठेका प्रथा से मजदूर बनने को मजबूर हुए मूल निवासी

डॉ. महंत ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य की वन भूमि पर लगभग 1,58,000 हेक्टेयर का विशाल जलक्षेत्र स्थित है। इन जलक्षेत्रों में मछली पालन और मत्स्याखेट के जरिए 50,000 से अधिक अनुसूचित जनजाति और अन्य वन निवासी परिवार अपनी जीविका चलाते हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ शासन की वर्तमान मछली नीति वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के पूरी तरह विपरीत है। कानून का उल्लंघन करते हुए राज्य के इन जलक्षेत्रों को पट्टे पर और 1000 हेक्टेयर से बड़े जलाशयों को निविदाएं (टेंडर) आमंत्रित करके ठेकेदारों को सौंप दिया जाता है। इसका दुष्परिणाम यह हो रहा है कि जिन बड़े जलाशयों पर स्थानीय आदिवासियों और वन निवासियों का सामुदायिक अधिकार होना चाहिए था, वहां वे बाहरी ठेकेदारों के अधीन महज मजदूर के रूप में काम करने को मजबूर हैं।



### राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

उन्होंने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि, छत्तीसगढ़ के आदिवासियों और पारंपरिक वन निवासियों के आर्थिक एवं कानूनी हितों की रक्षा के लिए वन अधिकार अधिनियम को तत्काल प्रभाव से क्रियान्वित कराया जाए। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रपति से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि हजारों परिवारों को उनका वास्तविक हक मिल सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि देश के सर्वोच्च कार्यालय से निर्देश प्राप्त होने के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्य सचिव इस विषय की गंभीरता को समझेंगे।

## सेहतमंदी के लिए लगाए जिम के उपकरण हो रहे खराब

# हीरापुर में 4 जगहों पर लगाए ओपन जिम खराब रोहणीपुरम गार्डन में भी जिम उपकरण की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम का पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग शहर के अलग-अलग जगहों पर लगाए गए ओपन जिम उपकरणों की देखरेख में ध्यान नहीं दे रहा है। इससे हीरापुर में हाउसिंग बोर्ड कालोनी पूजा गार्डन में लगाए गए जिम इक्वीपमेंट खराब हो गए हैं।

एमडी कालोनी शिव मंदिर के पास सेहतमंदी के लिए ओपन जिम की व्यवस्था की गई, पर देखरेख के अभाव में जिम के नट बोल्ट में जंग लग गए, कुछ उपकरण के हैंडल महीनों से टूट कर नीचे गिर गए। इसे अब तक सुधारा नहीं गया। वार्ड के एचआईजी कालोनी में स्थित तारू गार्डन में कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। इसके अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित रोहणीपुरम तालाब के पास स्थित नगर निगम के उद्यान में लोगों की सुविधा के लिए एक्सरसाइज करने अलग-अलग उपकरण लगवाए गए, एक अरसे से इन उपकरणों में ग्रीसिंग नहीं होने और मेंटनेंस का कार्य नहीं होने से उपकरणों में खराबी आ गई है। नगर निगम द्वारा लोगों की सेहतमंदी के लिए 11 अलग-अलग तरह के ओपन जिम उपकरण शहर के विभिन्न बगीचों में लगवाए गए हैं, इसका उपयोग गार्डन में सुबह और शाम आने वाले लोग कर रहे हैं। पर जिम में लगाए गए उपकरणों की मेंटनेंस अवधि समाप्त होने के बाद दोबारा इसके मरम्मत के लिए एजेंसी तय नहीं होने से कई स्थानों पर एक्सरसाइज के लिए लगाए गए उपकरणों में खराबी आ गई है। वीर सावरकर वार्ड में ऐसे 4 स्थानों पर लोगों की सुविधा के लिए नगर निगम ने ओपन जिम के उपकरण लगवाए हैं। हीरापुर के नवयुग स्कूल के पास लगाए गए ओपन जिम उपकरण खराब होने से स्कूली बच्चे इसका उपयोग नहीं कर पा रहे। वार्ड पार्षद संदीप साहू ने बताया कि पूजा गार्डन, एसडी कालोनी शिव मंदिर के पास वाला गार्डन के जिम उपकरण पूरी तरह खराब हो चुके हैं। इसे बदलने की मांग जोन 1 और निगम मुख्यालय में की गई है।





### कृष्णानगर का ओपन जिम टूट गया जिम वाली जगह सामुदायिक भवन

नगर निगम जोन 7 क्षेत्र स्थित संत रामदास वार्ड के कृष्णानगर में नगर निगम द्वारा लगवाया गए ओपन जिम के उपकरण देखरेख के अभाव में टूट कर गिर गया। इसे दोबारा नया लगवाने की जगहउस जगह पर नगर निगम ने सामुदायिक भवन बनवा दिया है। इससे लोगों को एक्सरसाइज करने ओपन जिम की सुविधा नही मिल पा रही है। पार्षद भोलाराम साहू ने बताया कि कर्मा चौक से काली मंदिर तक ओपन जिम के लिए प्रस्ताव बनाया गया है। आने वाले दिनों में इस पर काम किया जाएगा।

# नमी वाली हवा से लुढ़का तापमान, ग्रीष्मलहर से सुकून, शाम होते ही 40 की रफ्तार से चली आंधी

## पारा लुढ़कने से गर्मी में आएगी कमी, कहीं-कहीं बारिश भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव से तापमान में आई गिरावट के बाद ग्रीष्मलहर से राहत मिली है। शाम होने के बाद शहर में 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली, जिससे मौसम में और ठंडकता आ गई। शनिवार को राज्य का अधिकतम तापमान 42.8 दर्ज किया गया। नमीयुक्त हवा ने पिछले चौबीस घंटे में अपना ज्यादा असर उत्तरी इलाकों में दिखाया है। पेंड्रा में दोपहर में भारी बारिश हुई और कई इलाकों में तेज आंधी के प्रभाव से जनजीवन प्रभावित हो गया।

इसी तरह अंबिकापुर में भी काफी देर बरसात होती रही, जिससे वहां दिन का तापमान काफी नीचे चला गया। इसी तरह मध्य इलाके में भी छाए बादलों का असर दिखा और धूप की तेजी लोगों को ज्यादा हलाकान नहीं कर पाई। हालांकि दोपहर में चिपचिपाहट ज्यादा बढ़ती हुई महसूस हुई। शहर का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री से आगे नहीं बढ़ पाया और शाम होने के बाद यहां हवा की गति बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक रायपुर के अलावा आसपास के इलाकों में करीब 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली। शाम होने के दौरान शहर की सड़कों पर बढ़े वाहनों की संख्या के बीच बदले मौसम ने जनजीवन को कुछ देर के लिए प्रभावित कर दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक हवा के साथ नमी का प्रवेश होता रहेगा, तब तक इस तरह मौसम में बदलाव होता रहेगा।



### बंगाल की खाड़ी में सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से अंदरुनी उड़ीसा तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर मौजूद है। इसके अलावा एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है। रविवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। साथ ही अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है।

### 4 जून से बढ़ेगा दायरा

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी राज्य के मौसम उतार-चढ़ाव वाली स्थिति बनेगी। इसके बाद 4-5 जून के बाद राज्य में बारिश की गतिविधियों का विस्तार होगा। माना जा रहा है कि इस अवधि में दक्षिण-पश्चिमी मानसून केरल में अपनी दस्तक देगा। मानसून के वहां पहुंचने के बाद स्थिति सामान्य रहने पर राज्य में भी बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है। राज्य में मानसून सामान्य दिनों में 13 जून को दस्तक देता है और इसके आसपास ही उसके आने के आसार बन रहे हैं।


# हांडी तालाब को जलकुंभी मुक्त कराने चलाया सफाई अभियान

## जनशिकायत पर जोन 7 ने सफाई मित्रों की विशेष गैंग से कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तात्यापारा वार्ड क्षेत्र स्थित हांडी तालाब में जलकुंभी की शिकायत पर शनिवार को नगर निगम जोन 7 अमले ने संज्ञान लेते हुए तालाब की सफाई कराने विशेष सफाई अभियान चलाया। जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू ने हांडी तालाब में 15 सफाई मित्रों की विशेष गैंग जलकुंभी सफाई के लिए तालाब में उतारी। तालाब के भीतर से जलकुंभी निकालकर हांडी तालाब को जलकुंभी से मुक्त कराया गया।

नगर निगम जोन 7 में हांडी तालाब में जलकुंभी से हो रही परेशानी को लेकर स्थानीय रहवासियों ने जोन कार्यालय में शिकायत करते हुए तालाब की सफाई कराने आग्रह किया। शिकायत मिलने के बाद जोन के स्वास्थ्य विभाग ने सफाई मित्रों की सहायता से हांडी तालाब में फैले जलकुंभी की सफाई करवाई। लोगों से तालाब में गंदगी और कचरा न डालने की अपील कर तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनवाने का आग्रह किया गया।



रायपुर -रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन 7 जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा और जोन 7 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानन्द साहू के मार्गनिर्देशन में जनशिकायत पर उनका त्वरित निदान करने नगर निगम जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत तात्यापारा वार्ड के क्षेत्र में हाण्डी तालाब में लगभग 15 सफाई मित्रों के विशेष गैंग की सहायता से सफाई अभियान चलाकर तालाब के भीतर से जलकुम्भी को बाहर निकालकर और उसको तत्काल उठवाकर हाण्डी तालाब को जलकुम्भी से मुक्त करवाते हुए समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से स्वच्छता कायम की गयी और प्राप्त जनशिकायत का जोन स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से त्वरित निदान किया गया. इसके साथ ही हाण्डी तालाब के आसपास जनजागरण अभियान रहवासियों के मध्य चलाया जाकर नागरिकों से तालाब में गन्दगी और कचरा नहीं डालने और वार्ड और रायपुर शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने सहभागिता दर्ज करवाने की की विनम्र अपील नगर निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गयी।

# पत्नी, बच्चे को भगाकर ले जाने के गम में ट्रांसपोर्टर ने पुल से कूदकर की खुदकुशी

- पंजाब से आए युवक ने ट्रांसपोर्टर की पत्नी बच्चे को झांसा देकर अपने साथ एक माह पूर्व भगाकर ले गया है
- ट्रांसपोर्टर की पत्नी, बच्चे को भगाकर जो ले गया है उसके खिलाफ एक अन्य महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में एक ट्रांसपोर्टर ने शनिवार शाम साढ़े पांच बजे पुल से कूदकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी करने के पूर्व मृतक ने एक ऑडियो जारी किया है, जिसमें उसने किसी निशान सिंह महली तथा उसकी बहन के खिलाफ आरोप लगाया है। आरोपों के मुताबिक निशान सिंह तथा उसकी बहन मृतक की पत्नी तथा दो बच्चों को एक माह पूर्व झांसा देकर अपने साथ भगाकर उत्तराखंड ले गए हैं। इससे दुखी होकर ट्रांसपोर्टर ने खुदकुशी करने की बात कही है।



पुलिस के अनुसार हीरापुर निवासी सोनू नामक युवक ने पुल से छलांग लगाकर खुदकुशी की है। सोनू द्वारा जारी ऑडियो के अनुसार निशान सिंह उसकी पत्नी को शादी करने का झांसा देकर बच्चों को साथ लेकर भाग गया। इसके लिए सोनू ने अपने समाज से जुड़े लोगों से पत्नी तथा बच्चों को वापस लाने गुहार लगाई। साथ ही थाने में अपनी पत्नी, बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। पत्नी तथा बच्चों के वापस नहीं आने से सोनू बुरी तरह से टूट गया और उसने पुल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली।

# स्टेशन में गांजे के साथ यूपी का तस्कर गिरफ्तार, दिल्ली जाने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जीआरपी थाना और रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के कब्जे से 10 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 35 हजार रुपये है। टीम ने रायपुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण केंद्र के पीछे स्थित नए गेट के पास एक युवक को संदिग्ध रूप में पकड़ा। टीम ने जब उसके ट्रॉली बैग की तलाशी ली, तो उसमें से 5 पैकेट गांजा और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।



### ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली ले जाने की थी साजिश

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान अक्षय कुमार 23 वर्ष, पिता सतपाल, निवासी खातौली, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह यह गांजा मलकानगिरी (ओडिशा) से लेकर आया था और ट्रेन के जरिए इसे दिल्ली ले जाने की तैयारी में था।



# हवाई यात्रियों की स्क्रीनिंग... यात्रियों से पूछ रहे प्रभावित देशों की यात्रा तो नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा रही और उनसे पूछा जा रहा कि ईबोला प्रभावित देशों की यात्रा तो नहीं की है। इस संक्रमण की रोकथाम और अतिरिक्त एहतियात के लिए विमानतल पर जांच काउंटर के अलावा जिला अस्पताल में आईसोलेशन वार्ड भी बनाया गया है। इस संक्रमण की देश में अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है, मगर संक्रमण की वजह से विमानतलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से मिली गाइडलाइन के बाद राजधानी रायपुर में ईबोला की अतिरिक्त निगरानी के लिए इंतजाम किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नोडल अधिकारी की नियुक्ति के साथ विमानतल में यात्रियों की स्क्रीनिंग और ट्रेवल हिस्ट्री की जानकारी के लिए काउंटर स्थापित किया गया है। काउंटर में तैनात कर्मचारी रेंडम आधार पर यात्रियों की स्क्रीनिंग कर रहे हैं और उनसे स्वास्थ्य संबंधित जानकारी के साथ विदेश यात्रा खासकर ईबोला प्रभावित देशों के बारे में पूछ रहे हैं। इसके अलावा एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने अतिरिक्त एहतियात बरतते हुए जिला अस्पताल में आईसोलेशन वार्ड भी बनाया है। इस वार्ड में इमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए तमाम तरह की सुविधा जुटाई गई है। अधिकारियों का कहना कि सतर्कता और अतिरिक्त सावधानी से संभावित संक्रमणों को समय रहते रोका जा सकता है। जांच टीम को उन यात्रियों पर निगरानी रखा विशेष निर्देश दिए गए हैं जो अफ्रीकी देशों से होकर आए हैं। यात्रियों में बुखार, कमजोरी, उल्टी, शरीर दर्द या अन्य संदिग्ध लक्षण पाए जाने पर तुरंत अलग रखने और आगे की जांच की व्यवस्था की गई है। इस संक्रमण ने अफ्रीकन देश में अपना ज्यादा असर दिखाया है और होने वाली मौत के कारण डब्लूएचओ ने इसकी इमरजेंसी घोषित की है।

## प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा कारोबारी, पंजीयन सिर्फ ढाई हजार का

# हॉलमार्क का पंजीयन कराए बिना बेच रहे जेवर, अब होगा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सराफा कारोबारी हॉलमार्क पर गंभीर ही नहीं हैं। तीन साल बाद भी 15 हजार कारोबारियों में से मुश्किल से ढाई हजार ने अपना पंजीयन कराया है। ज्यादातर बड़े कारोबारियों ने तो पंजीयन करा लिया है, लेकिन छोटे कारोबारी जिनका कारोबार 50 लाख से कम है और जो जीएसटी के दायरे में भी नहीं आते, उन्होंने पंजीयन कराने में रुचि नहीं दिखाई है, जबकि एक अप्रैल 2023 से हर तरह की सोने की ज्वेलरी पर हॉलमार्क जरूरी है। राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश में बिना पंजीयन के जेवर बेचने वाले सराफा कारोबारियों पर अब एक्शन की तैयारी है। एक दिन पहले ही राजधानी के दो कारोबारियों के यहां छापा मारा गया है। आने वाले समय में अन्य कारोबारियों के यहां भी छापे पड़ेंगे। सोने के जेवरों पर वैसे तो 2021 से ही हॉलमार्किंग अनिवार्य है, लेकिन यह पहले ऐच्छिक था, लेकिन इसको एक अप्रैल 2023 से केंद्र सरकार ने जरूरी कर दिया। इसके बाद से कारोबारियों ने पंजीयन कराना प्रारंभ किया। पंजीयन कराने का कोई शुल्क न होने के बाद भी जेवर बेचने वाले कारोबारियों ने पहले इस उम्मीद में पंजीयन नहीं कराया कि सरकार शायद जल्द ही जेवर बेचने वाले कारोबारियों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त कर देगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्री को पत्र भी लिखा गया था। केंद्र सरकार ने कारोबारियों की मांग नहीं मानी, इसके बाद भी कारोबारियों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है।



### 85 फीसदी का पंजीयन नहीं

जेवर बेचने वालों के लिए भी हॉलमार्क में पंजीयन कराना जरूरी होने के बाद भी अपने राज्य में 85 फीसदी ने अपना पंजीयन कराया ही नहीं है। प्रदेश में 15 हजार सराफा कारोबारी हैं जो सोने के जेवर बेचने का काम करते हैं। राजधानी रायपुर में ही दो हजार से ज्यादा कारोबारी हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के 600 से ज्यादा सदस्य हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष धरम भंसाली के मुताबिक हमारे सदस्यों में से ज्यादातर ने पंजीयन करा लिया है, लेकिन इसके अलावा भी छोटे मोहल्लों और कालोनियों में कई ज्वेलर्स ऐसे हैं जो एसोसिएशन के सदस्य नहीं हैं और अपना कारोबार करते हैं, वे पंजीयन कराने में गंभीर नहीं हैं। हमने एक दिन पहले की छापामार कार्रवाई के बाद सभी सदस्यों से साथ ही छोटे व्यापारियों से भी आग्रह किया है कि वे अपना पंजीयन करा लें और परेशानी से बचें।

### प्रदेश में दस सेंटर

हॉलमार्क के प्रदेश में चार जिलों में दस सेंटर हैं। राजधानी रायपुर में छह, दुर्ग में दो और राजनांदगांव और बिलासपुर में एक-एक सेंटर है। इन सेंटर के सौ किलोमीटर के दायरे में आने वाले सराफा कारोबारी अपना पंजीयन करा सकते हैं। इतनी सुविधा होने के बाद भी कारोबारी पंजीयन नहीं करा रहे हैं।

### सभी पंजीयन कराएं

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के ही हमारे 15 हजार सदस्य हैं। हमारा सभी से आग्रह कि सभी को अपना पंजीयन कराना चाहिए।

- कमल सोनी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

## खबर संक्षेप



### नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का लिया संकल्प

**नगरी।** अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भड़सिवना में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को धूम्रपान और तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सरपंच नील कुमार सूर्यवंशी, उपसरपंच सतरूपा नेताम, सचिव कृष्ण कुमार सहित पंच दिलीप साहू, अर्जुन नेताम, बीना बाई, उषा साहू, सुशीला, पवन कुमार ध्रुव, आनंद नागवंशी, सरस्वती नेताम एवं प्रियंका नेताम उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने लोगों से धूम्रपान एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि तंबाकू और धूम्रपान न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सभी ने नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

### जिला साहू संघ व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ ने दी सोनू राम को श्रद्धांजलि

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा के वरिष्ठ नागरिक सोनूराम साहू सेवानिवृत शिक्षक 83 वर्ष का 29 मई को देहावसान हो गया। सोनूराम एक आदर्श शिक्षक के रूप में 36 वर्षों तक ग्राम कंडेल में सेवा प्रदान की।



स्काउट गाइड, खेल व शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित कर आगे बढ़ाने में योगदान दिया। साहू समाज में निरंतर कई वर्षों तक कार्य किया। उनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज विपिन साहू, दयाराम साहू, जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, लालाराम साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू, सुभाष साहू, विजय साहू, कमलेश साहू, राजेंद्रकुमार साहू , गोपाल साहू, चिरौंजीलाल साहू, तामेश्वर लाल साहू, ओंकार साहू, नागेश्वर साहू, नरेश साहू, मोहनलाल साहू, कुलेश्वर साहू , कृष्णाराम साहू, नंदकिशोर साहू, गजानंद साहू समेत सामाजिकजन व अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्य शामिल हुए।

### 42 पौवा शराब जब्त एक महिला गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना चारामा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस को 30 मई को मुखबिर से जानकारी मिला कि मुक्तिधामपारा में अवैध रूप से शराब बेचा जा रहा है। पुलिस ने इलाके का घेराबंदी कर चारामा निवासी 56 वर्षीय सोहद्रा बाई नरेटी के घर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 42 पौवा देशी प्लेन शराब तथा 200 रुपएं नगद बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत 3 हजार 360 रुपएं है। आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्गूकोंदल में आज समाधान शिविर

**दुर्गुकोंदल।** राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विकासखंड दुर्गुकोंदल में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में 1 जून 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के तहत विशेष समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल,करामाड सिहारी, भंडार डिग्गी,खुटगाव हानपतरी सहित आसपास के अनेक ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचेंगे।

---

जल्द शुरू होंगे करोड़ों के विकास कार्य : विजय मोटवानी

# बरसात आने से पहले शहर की सड़कों का होगा नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर की प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर नगर निगम ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। शहर की पांच महत्वपूर्ण सड़कों के डामरीकरण और उन्नयन के लिए लगभग 3.23 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है तथा निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य प्रारंभ करने की तैयारी अंतिम चरण में है। निगम प्रशासन का दावा है कि निर्माण कार्यों को गति देकर नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



योजना के तहत मकई चौक से रामबाग तक सदर मार्ग, डॉ. एन.पी. गुप्ता निवास से कचहरी कार्यालय होते हुए शिव चौक तक का मार्ग, शिव चौक से विमल टॉकीज रोड होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-30 तक की सड़क सहित अन्य प्रमुख मार्गों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा बालक चौक से भगत चौक होते हुए रोकड़िया चौक तक की सड़क को भी परियोजना में शामिल किया गया है। इन मार्गों के उन्नयन से शहर में आवागमन सुगम होगा तथा नागरिकों को जर्जर सड़कों से होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।

नगर निगम द्वारा केवल मुख्य सड़क ही नहीं, बल्कि शहर के 40 वार्डों की आंतरिक सड़कों के रखरखाव और मरम्मत के लिए भी 26 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे वार्ड स्तर पर सड़क सुविधाओं में सुधार होगा।

इसी तरह शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए क्रॉस नालों के चौड़ीकरण का कार्य भी योजना में शामिल है। पीडी नाला, बालक चौक नाला और एफसीआई चौक क्षेत्र सहित कई स्थानों पर जलभराव की समस्या को कम करने के उद्देश्य से आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए बजट भी स्वीकृत किया जा चुका है। नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के सभापति विजय मोटवानी ने बताया कि सड़कों के डामरीकरण और मरम्मत कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा । कार्यों को जल्द ही गति देने की योजना है। उन्होंने कहा कि सड़क और नाला विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा, सुचारु जल निकासी व्यवस्था और अधिक सुविधाजनक शहरी वातावरण का लाभ मिलेगा।

# रत्नाबांधा और मुजगहन के बड़े तालाब हुए रोशन

**85 विद्युत लाइट लगने से बढ़ी सुरक्षा और सुंदरता**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम रत्नाबांधा और मुजगहन के ग्रामीणों को बड़ी सौगात मिली है। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल के प्रयास से दोनों गांव के बड़े तालाबों में व्यापक प्रकाश व्यवस्था की गई है। तालाबों के आसपास लगभग 80 से 85 विद्युत लाइट लगाई गई है, जिससे पूरा क्षेत्र रात में भी रोशनी से जगमगा रहा है।

ग्रामीणों ने लंबे समय से तालाब क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था की मांग की थी। अंधेरे के कारण शाम के बाद महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में परेशानी होती थी। अब लाइट लगने से तालाब क्षेत्र सुरक्षित होने के साथ-साथ आकर्षक भी दिखाई दे रहा है। ग्रामीण सुबह और शाम के समय तालाब किनारे सुरक्षित रूप से टहल सकेंगे।



जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने बताया कि तालाब गांव की जीवनरेखा है और उनका संरक्षण व सौंदर्यीकरण आवश्यक है। यह कार्य केवल प्रकाश व्यवस्था तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य में तालाब क्षेत्र में घाट निर्माण, पौधरोपण और अन्य विकास कार्य भी किए जाएंगे। इस कार्य में अभिमन्यु मीनपाल, तेजनारायण मीनपाल, ठाकुर राम, मुनीराम, सूरज मीनपाल, लिकेश, संतोष, दीपक, विजय मीनपाल सहित अनेक ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

# लीलर में उपचुनाव की सरगर्मी बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत लीलर में सरपंच पद के उपचुनाव को लेकर चुनावी माहौल गर्माने लगा है। भाजपा समर्थित प्रत्याशी बुद्धेश्वर कंवर के पक्ष में प्रचार अभियान ने जोर पकड़ लिया है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव ने ग्राम लीलर पहुंचकर भाजपा समर्थित प्रत्याशी बुद्धेश्वर कंवर के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क किया। प्रचार अभियान के दौरान हेमलता शर्मा की भी उपस्थिति रही।

# सभापति ने नाली निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर पालिक निगम सभापति कौशिल्या देवांगन ने सोरिद वार्ड में प्रगतिरत नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता एवं कार्य प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



श्रीमती देवांगन ने कहा कि वार्डवासियों को जल निकासी की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। नाली निर्माण पूर्ण होने से बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र की स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा।

उन्होंने निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की भी जानकारी ली तथा अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान सभापति ने लोगों की समस्याएं एवं सुझाव भी सुने तथा उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

### 5 जून को रायपुर में जुटेंगे प्रदेशभर के पेंशनर

**धमतरी।** छग पेंशनर्स एसोसिएशन ने प्रदेश में लंबित पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति तथा पेंशन एरियर्स के मामलों में शासन और विभागीय अधिकारियों की उदासीनता पर गंभीर चिंता जताई है।



एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अनेक पेंशनर परिवार वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेवाकाल में कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके आश्रित पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई, जबकि परिवार द्वारा समय-सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेज जमा किए गए थे। कर्मचारी की विधवा को पारिवारिक पेंशन, जीपीएफ कटौती की राशि तथा अन्य देय लाभों का भुगतान भी अब तक नहीं मिल पाया है। शासन द्वारा भुगतान के आदेश जारी होने के बावजूद विभागीय स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित परिवार परेशान है। प्रांतीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद वर्ष 2000 से लंबित महंगाई राहत तथा विभिन्न अवधियों के पेंशन एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। श्री देवान ने बताया कि इन मुद्दों को लेकर प्रदेशभर के पेंशनर संगठनों ने 5 जून को रायपुर में एकत्र होकर शासन का ध्यान आकर्षित करने का निर्णय लिया है। इस दौरान लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की जाएगी।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 : आज होगा मतदान

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत आगामी 1 जून को मतदान होगा। श्रम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शासकीय एवं निजी संस्थानों, कारखानों में 1 जून को उप निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत आने वाले कारखानों, स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक, कर्मचारियों के लिए मतदान के दिन 1 जून को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किया गया।

# मैकेनिक पर व्यापारियों को नल पाइप और सामग्री बेचने का आरोप






■ जलस्तर गिरने से गांव-गांव में हैंडपंप में पाइप बढ़ाने का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

विकासखंड नगरी में लगातार गिरते जलस्तर के कारण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गांव-गांव में खराब हैंडपंपों की मरम्मत एवं अतिरिक्त पाइप लगाकर जल व्यवस्था बनाए रखने का कार्य किया जा रहा है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा लगातार सुधार कार्य किए जाने से कई गांवों में लोगों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

इसी बीच विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कुछ लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ कर्मचारियों द्वारा हैंडपंप मरम्मत में उपयोग होने वाले पाइप एवं अन्य सामग्री का दुरुपयोग किया जा रहा है। कई स्थानों पर पाइप नलों में लगाने के बजाय व्यापारियों को बेचा जा रहा है।

रविवार को मेचका, सांकरा क्षेत्र के मैकेनिकों ने हैंडपंप रिपेयरिंग कार्य के बाद बचे पाइप एवं अन्य सामग्री को अपने घर ले गया। सूत्रों के अनुसार मैकेनिक की जगह उसका पुत्र कई दिनों से गांवों में जाकर हैंडपंप मरम्मत का कार्य कर रहा है। इससे विभागीय व्यवस्था एवं निगरानी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि हैंडपंपों से निकाले गए पाइप एवं अन्य सामग्री को बेचा जा रहा है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

इस संबंध में उस मैकनिक से बात की गई तो उनका कहना है कि रात्रि में ऑफिस बंद हो गया। इस कारण घर पर पाइप को रखा गया था। अब यह सवाल उठता है कि क्या आफिस में नाइट कर्मचारी नहीं रहते हैं।

पीएचई विभाग के एसडीओ से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है। शिकायत एवं जानकारी मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# निजी व्यक्ति की जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत कल्लेमेटा में निजी भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा एवं निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति द्वारा दूसरे निजी व्यक्ति की जमीन पर अतिक्रमण कर पक्का आवास निर्माण कराया जा रहा है, वहीं इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारी की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की शिकायत कई बार राजस्व विभाग से की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार संबंधित भूमि निजी स्वामित्व की है, इसके बावजूद कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही अवैध निर्माण को तत्काल रोकने एवं भूमि स्वामी को न्याय दिलाने की अपील भी की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। इस मामले में तहसीलदार ने तत्काल कार्रवाई करने की बात कही है।

**उर्वरक भण्डारण एवं वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा**

# जिले के किसानों को 4,318 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आगामी खरीफ सीजन 2026-27 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में किसानों को समय पर एवं सुगमता से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। वर्तमान में जिले में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है तथा आवश्यकतानुसार वितरण किया जा रहा है।




वर्तमान स्थिति के अनुसार कुल 19,358 मीट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण किया गया है, जिसमें से 4,318 मीट्रिक टन उर्वरकों का किसानों को वितरण किया जा चुका है। वितरण उपरांत विभिन्न उर्वरकों का कुल 15,040 मीट्रिक टन भण्डार उपलब्ध है, जिससे किसानों की आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

उपलब्ध भण्डारण में यूरिया 8,017 मीट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) 3,005 मीट्रिक टन, पोटाश 1,084 मीट्रिक टन, डीएपी 2,169 मीट्रिक टन तथा एनपीके 5,083 मीट्रिक टन शामिल है। वर्तमान तक यूरिया 1,902 मीट्रिक टन, एसएसपी 588 मीट्रिक टन, पोटाश 216 मीट्रिक टन, डीएपी 572 मीट्रिक टन एवं एनपीके 1,040 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को किया जा चुका है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा उर्वरक भण्डारण एवं वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जा रही है। साथ ही सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि साख समितियों तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से उर्वरकों की उपलब्धता पर सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बुजुर्ग का किया गया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा आशियाना वृद्धा आश्रम में निवासित रामानी पति स्वरूपधन जिनका 30 मई 26 को निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार किया गया। समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, ओम प्रकाश औसर, संजय साहू, डॉ एजाज नकवी, डॉ जितेंद्र शुक्ला, गुमान जैन, मनोज पटेल, सुरेश साहू, फगुआ पटेल, नेमू निर्मलकर, रुचि ठाकुर, श्रेया ठाकुर, भूमिका ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### जिलास्तरीय कार्यशाला 1 व 2 जून को

**धमतरी।** निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ द्वारा 1 एवं 2 जून को मिलेनियम स्कूल में दो दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला उत्तरदायित्व 2026 का आयोजन प्रातः 9 बजे किया गया है। कार्यशाला में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## निधन

### मुन्नालाल साहू



**महासमुंद।** शहर के लोहानी बिल्डिंग के पास निवासरत एवं बरोंडा चौक स्थित अंबे मेडिकल के संचालक मुन्नालाल साहू का 71 वर्ष की आयु में शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधान में किया गया। वे दिलीप साहू के पिता, सुंदर साहू के बड़े भाई एवं भरत साहू के ससुर थे।



# खरीफ सीजन की तैयारियां तेज़, नर्रा में किसान कर रहे खाद का उठाव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा**

आगामी खरीफ फसल सीजन को देखते हुए क्षेत्र के किसानों ने अपनी तैयारियां तेज़ कर दी हैं। इसी कड़ी में प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा (पंजीयन क्रमांक 1061) के अतर्गत नर्रा, बिंद्रावन और लोंदामुड़ा किसानों द्वारा खरीफ फसलों के लिए खाद का उठाव व्यापक पैमाने पर शुरू कर दिया गया है।

मानसून के आगमन से पहले खेतों को तैयार करने और फसलों की समय पर बुआई सुनिश्चित करने के लिए किसान बड़ी संख्या में समिति पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि ऐन वक्त पर होने वाली खाद की किल्लत और लंबी कतारों से बचने के लिए वे समय रहते खाद का अग्रिम उठाव कर रहे हैं। समिति परिसर में किसानों की भारी चहल-पहल है।

किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली, मोटरसाइकिल और साइकिलों के माध्यम से खाद की बोरियों का परिवहन कर अपने घरों तक ले जा रहे हैं। समिति के माध्यम से यूरिया, डीएपी और पोटाश आवश्यक उर्वरकों का वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि सही समय पर खाद की उपलब्धता होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है, जिससे वे मौसम का मिजाज भांपते ही सीधे बोनी का कार्य शुरू कर सकेंगे और समय से पहले खाद का उठाव और भंडारण करने से किसानों को खेती के व्यस्त दिनों में अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# माइंड गेम में बच्चों ने दिखाया दम, ब्रिलिएंट्स चेस एकेडमी और हनीड्यू स्कूल ने कराया समर शतरंज टूर्नामेंट

## रोमांचक मुकाबले में दीपांशु बने चैंपियन, स्वास्ति दूसरे और आदर्श तीसरे स्थान पर रहे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

स्थानीय ब्रिलिएंट्स चेस एकेडमी के तत्वावधान में हनीड्यू स्कूल के समर प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित ब्रिलिएंट्स चेस टूर्नामेंट का रविवार (31 मई) को समापन हुआ। भीषण गर्मी के इस दौर में बच्चों को मानसिक रूप से सक्रिय और एकाग्र रखने के उद्देश्य से आयोजित इस एक दिवसीय समर प्रतियोगिता में क्षेत्र के कुल 22 चुनिंदा बाल खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का संचालन ऑर्गेनाइजर संदीप पटले रहे वहीं चीफ आर्बिटर प्रियांशु पटले के साथ विशेष रूप से सीनियर नेशनल आर्बिटर राजेश्वरी ध्रुवंशी उपस्थित रहीं। शाम को प्रतियोगिता के अंतिम और पांचवें राउंड की समाप्ति के बाद मुख्य निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किए गए। पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए दीपांशु पटले ने अपने बेहतरीन और आक्रामक खेल की बदौलत प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, बेहद कड़े और रोमांचक मुकाबले में स्वास्ति दीवान ने अद्वितीय सूझबूझ का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंकों के मामूली अंतर के साथ आदर्श भोई को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा।




### अतिथियों ने बढ़ाया बच्चों का हौसला, पालकों ने की सराहना

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूनम पटले एवं शाश्वत चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों के इस अद्भुत प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता, धैर्य और मानसिक दृढ़ता का विकास करता है। इस सफल, अनुशासित और समयबद्ध आयोजन को देखकर उपस्थित सभी पालकों) ने भी ब्रिलिएंट्स चेस एकेडमी और हनीड्यू स्कूल प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की। मुख्य अतिथियों एवं एकेडमी के पदाधिकारियों द्वारा शीर्ष विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### विधायक ने कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का किया श्रवण, भाजपा नेता रहे मौजूद

**महासमुंद।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बूथ क्रमांक 215 बीटीआई शक्ति केंद्र विधायक कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, भाजपा नेता प्रकाश शर्मा, नंदू जलक्षत्री, चुनेश्वरी साहू, रामेश्वर पटवा, सुरेश साहू, गोपी कन्नौजे उपस्थित रहे।



### अहिल्याबाई जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारत देश के महानारी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर पूर्व सैनिक संगठन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अहिल्याबाई होल्कर ने 1767 से 1795 तक लगभग 30 वर्षों तक मालवा साम्राज्य पर सफलतापूर्वक शासन किया। उन्होंने भारत भर में कई मंदिरों जैसे काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार और धर्मशालाओं का निर्माण करवाकर सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण में अतुलनीय योगदान दिया था। उन्हें एक बेहद कुशल, न्यायप्रिय और प्रजापालक रानी माना जाता है।

### धनिया की खेती से किसान रतिराम की बढ़ी आय

**महासमुंद।** जिले के विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम अछरीडीह के कृषक रतिराम पटेल ने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उद्यानिकी फसलों को अपनाते हुए अपनी आय में अच्छी वृद्धि की है। कृषक पटेल बताते हैं कि पहले वे मुख्य रूप से धान की खेती करते थे, जिसमें अधिक लागत के बावजूद सीमित आय प्राप्त होती थी। बेहतर आमदनी और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्होंने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया और साग-सब्जी एवं मसाला फसलों की खेती की ओर कदम बढ़ाया। रतिराम पटेल बताते हैं कि पूर्व में धान की खेती से उन्हें कुल लाभ सीमित ही मिलता था। वहीं धनिया की खेती अपनाने के बाद उन्हें लगभग 35 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त हुआ। कम लागत और बेहतर उत्पादन के कारण उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा कुल लाभ लगभग 50,000 रुपए तक पहुंच गया।



### बरसात पूर्व नगर के सभी नालियों की सफाई करने की मांग



**सरायपाली।** गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 15 महल पारा मेन रोड एवं पीछे गली के नालियों के साथ-साथ नगर के संपूर्ण वार्डों की नालियों में कचरा, घास फूस, झिल्ली, पन्नी, मलबा एवं मिट्टी के पट जाने के कारण कई नालियां जाम है। जिससे घरों के गंदे पानी एवं बरसाती पानी निकासी में बाधा होगी। गंदा पानी एवं बरसाती पानी वार्डवासियों के घरों में घुसने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नालियों के सही ढंग से सफाई नहीं होने से बदबू एवं गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। उक्त विषय पर आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए बरसती पानी के निकासी व्यवस्था करने की मांग नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ एवं प्रदेश प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश यादव से मांग की है। उक्त मांग पर तत्काल संबंधित कर्मचारियों को सफाई कार्य चालू करने का निर्देश देकर वार्ड क्रमांक 15 से सफाई कार्य चालू कराया गया।

# विधायक ने किया वार्डों का निरीक्षण, सीएमओ को दिए तत्काल सफाई के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के साथ वार्ड क्र. 18 व 27 दुर्गा चौक पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि नाली मलबे से पटी हुई है और वहीं पर लोग नलों से पानी भर रहे हैं।

विधायक ने तत्काल डिप्टी कलेक्टर व सीएमओ मनोज खांडे एवं सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर को मौके पर बुलाकर निर्देश दिया कि नाली महीनों से साफ नहीं हुई है। आगामी बारिश के मौसम में पूरा मलबा रोड पर आ जाएगा। इसके अलावा आसपास की महिलाएं बदबू के बीच पानी भरती हैं जो गलत है। विधायक ने सीएमओ को तत्काल सफाई कर्मियों को बुलाकर नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए।



### पानी और लाइट की समस्या पर जताई नाराजगी

इसके अलावा लोगों ने शिकायत की कि पानी नहीं आ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद पानी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। खंभों में लाइट नहीं है। विधायक ने सीएमओ से कहा कि जनता की मांग पर पाइप लाइन को बाबा रामदेव बोर से जोड़ा जाए जिससे लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। व्यवस्था व साधन होने के बावजूद काम नहीं हो रहा है। इसी तरह जिन खंभों में लाइट नहीं है, उन खंभों पर तत्काल प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करें।

### चाय पर चर्चा में सुनीं जनसमस्याएं

इसी दौरान विधायक एवं उनके साथ आए जनप्रतिनिधियों ने जनता के साथ चाय पर चर्चा के दौरान जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने निराश्रित पेंशन के लिए भी कहा कि शीघ्र ही निराश्रितों को उनका रुका हुआ पेंशन मिलने वाला है।

केवाईसी के कारण रुका था, लगभग जून माह में पेंशन मिल जाएगा। महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं में खुशी देखी गई। विवाहित महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए प्रतिमाह राज्य सरकार सीधे खाते में जमा करती है। इस दौरान पार्षद पीयूष साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, हनिश बग्गा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# भखारा शराब दुकान में चाकू की नोक पर लूट करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद**

भखारा थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान परिसर में युवक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे आरोपी समीर निर्मलकर को भखारा पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मई को प्रार्थी अपने बड़े भाई के कहने पर शराब और डीजल खरीदने के लिए तीन हजार रुपये लेकर भखारा आया था। रात करीब आठ बजे वह भखारा शराब दुकान परिसर पहुंचा, जहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उससे रुपये की मांग की। प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी अंशुमन साहू ने उसके गले पर धारदार चाकू अड़ा दिया। वहीं लोकेश पटेल और एक विधि से संघर्षरत बालक ने उसे पकड़ लिया। इसी दौरान समीर निर्मलकर ने मारपीट कर प्रार्थी के पास रखे तीन हजार रुपये और रेडमी मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भखारा में अपराध क्रमांक 56/2026 के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अंशुमन साहू, लोकेश पटेल और विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

- **दुर्ग जिले के ग्राम जरवाय में दोस्त के घर छिपा था**

घटना के बाद से फरार चल रहा मुख्य आरोपी समीर निर्मलकर निवासी वार्ड क्रमांक 4 भखारा पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस को सूचना मिली कि वह दुर्ग जिले के ग्राम जरवाय में अपने एक दोस्त के घर छिपा हुआ है। इसके बाद थाना प्रभारी शरद ताम्रकार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### लड़ेर में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन 1 से 7 जून तक किया गया है। कथावाचक महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम कुटेना पांडुका होंगे। जून को सुबह 11 बजे कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे गौकर्ण कथा, वराह अवतार, 2 जून को ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, नरसिंह अवतार, 3 जून को श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण अवतार कथा, 4 जून को नंद उत्सव, बाल लीला , माखन चोरी कथा, 5 जून को गिरिराज कथा, रासलीला, 6 जून को रूक्मणि मंगल कथा, 7 जून को गीता हवन, पूर्णाहुति, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा होगी। कथा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम तक होगी। तैयारी में ध्रुवलाल निषाद, वेदराम निषाद, देवनारायण निषाद जुटे हैं।

# पिथौरा में सामूहिक रूप से सुना गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134 वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को हुआ जिसे नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक रूप से सुना गया। वरिष्ठ भाजपा नेत्री उषा पटेल के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पहचान दिलाने का प्रभावी मंच बन चुका है। प्रधानमंत्री द्वारा खिलाड़ियों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को प्रोत्साहन दिए जाने से युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर अग्रवाल (सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला प्रभारी), मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, प्रीतराम सूर्या, वेद प्रकाश गोयल, नरेश सिंघल, शशि डड़सेना, उषा पटेल, जतीन ठक्कर, दुर्गेश सिन्हा, रैदास गोयल, रमेश पटेल, राजकुंवर सिन्हा, वर्षा सोनी, अंजलि पांडे, कुलदीप अग्रवाल, जीवन तांडी तथा संतोष डड़सेना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 10 क्विंटल फूलों से सजे श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

- **12 घंटे की मेहनत से तैयार हुआ आकर्षक पुष्प बंगला**
- **सेवंती, कमल और रातरानी की सुगंध से महका मंदिर परिसर**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी**

श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में रविवार को दो दिव्य एवं भव्य मनोरथ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री गोवर्धननाथजी का 10 क्विंटल से अधिक सुगंधित और आकर्षक फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। शाम 6 से 8 बजे तक दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान की मनोहारी छटा का दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया।



आयोजन के तहत पहला मनोरथ फूलों का सघन वन रहा, जिसके मनोरथी श्रीमती रूक्मणि देवी-गोपालदास अग्रवाल परिवार थे। इस अवसर पर भगवान के लिए भव्य पुष्प बंगला तैयार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। कोलकाता से आमंत्रित कारीगरों ने लगभग 12 घंटे की मेहनत से मंदिर परिसर और पुष्प बंगले को भव्य स्वरूप दिया। सजावट में सेवंती, लाल सेवंती, कमल, रातरानी सहित विभिन्न प्रकार के ताजे एवं रंग-बिरंगे फूलों का उपयोग किया गया। फूलों की सुगंध और आकर्षक सज्जा ने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया। दूसरा मनोरथ महारास (रास गरबा) था जिसके मनोरथी श्री गोपी सत्संग मंडल, गुजराती कॉलोनी रहे। इस दौरान भक्ति संगीत और धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना की।